**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 1113**

**Series : Sec/Annual Exam.-2024**

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# कृषि

# AGRICULTURE

*(Academic/Open)*

[ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ]

[ Hindi and English Medium ]

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **2:30** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **60***

*Time allowed : **2:30** hours ]* *[ Maximum Marks : **60***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **7** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **8** in number and it contains **7** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

***नोट :*** प्रश्न संख्या **1** से **4** में से कोई ***तीन*** प्रश्न कीजिए। शेष सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

Attempt any ***three*** questions from Question No. **1** to **4**. Answer all the remaining questions according to instructions.

## खण्ड - क

## SECTION – A

***नोट :*** इस खण्ड में ***चार*** प्रश्न (**1** से **4**) दिये गये हैं, इनमें से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक के **4** अंक हैं : $4 \times 3 = 12$

In this Section ***four*** questions (**1** to **4**) are given, attempt any ***three*** questions each has **4** marks.

**1.** जौ की फसल पर एक नोट लिखें, जिसमें इसकी उन्नत किस्में, बिजाई का समय व इसकी बिजाई के तरीकों का वर्णन हो।

Write a note on Barley crop in which describe its improved varieties, sowing time and its sowing methods.

**2.** कम से कम ***तीन*** जड़ वाली सब्जियों के नाम लिखिए व उनकी ***एक-एक*** उन्नत किस्म का नाम भी लिखिए।

Name at least ***three*** root vegetables and also mention ***one*** improved variety of each vegetable.

**3.** खरीफ की किन्हीं ***दो*** नकदी फसलों के नाम लिखिए व इनकी कम से कम ***तीन-तीन*** उन्नत किस्मों के नाम लिखिए।

Name any ***two*** cash-crops of Kharif and also mention at least ***three*** improved varieties of each cash-crop.

**4.** उन ***तीन-चार*** मुख्य पोषक तत्त्वों के नाम लिखिए, जो फसलों को आमतौर पर दिये जाते हैं।

Name any ***three-four*** main nutrients which usually given to the crops.

**खण्ड - ख**

**SECTION – B**

**5.** इस खण्ड में ***सात*** प्रश्न दिये गये हैं, इनमें से किन्हीं ***छः*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक के **3** अंक हैं :

$6 \times 3 = 18$

In this Section ***seven*** questions are given, answer any ***six*** questions, each has **3** marks :

(i) हरियाणा में अपनाये जाने वाले (प्रचलित) सिंचाई के साधनों का वर्णन कीजिए।

Explain sources of irrigation adopted in Haryana.

(ii) हरियाणा में दलहन की उगाई जाने वाली कुछ फसलों के नाम व उनकी ***एक-एक*** उन्नत किस्मों के नाम भी लिखिए।

Name few pulses crops grown in Haryana and also write ***one*** improved variety of each.

(iii) संक्षेप में एक नोट लिखिए कि यदि किसी फसल के अवशेष काटने के बाद उसी खेत में इकट्ठा करके एक कोने में ढेर लगा दें, तो अगले साल उस फसल में कीड़े-मकोड़े का प्रकोप ज्यादा होगा, यहाँ उस फसल का नाम भी लिखिए।

Write a short note if the residues of a particular crop put in the corner of the same field, then we will observe heavy loss, attack by insects in the next year same crop and also mention the name of that particular crop.

(iv) कम से कम ***छः*** पत्तों वाली सब्जियों के नाम लिखिए, जो हरियाणा में उगाई जाती हैं।

Name at least ***six*** leafy vegetables which are grown in Haryana.

(v) हरियाणा में मुख्य सिंचाई का साधन क्या नहरें हैं ? उल्लेख कीजिए।

Is main source of irrigation in Haryana are Canals ? Explain it.

(vi) बरानी खेती को परिभाषित करें। हरियाणा के ***चार*** शुष्क क्षेत्र वाले जिलों के नाम लिखिए।

Define Dry Land Farming. Name any ***four*** District of Haryana which are of Dry Land Zone.

(vii) किन्हीं ***छः*** ट्रैक्टर चलित कृषि उपकरणों के नाम लिखिए।

Name any ***six*** Tractor drawn Agriculture implements.

## खण्ड – ग

## SECTION – C

**6.** इस खण्ड में ***दस*** प्रश्न दिये गये हैं, किन्हीं ***नौ*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक के **2** अंक हैं :

$9 \times 2 = 18$

In this Section ***ten*** questions are given, answer any ***nine*** questions, each has **2** marks :

(i) कम्बाइन हार्वेस्टर को परिभाषित कीजिए।

Define Combine-harvester.

(ii) धान पैदा करने वाले किन्हीं ***चार*** राज्यों के नाम बताइए।

Name any ***four*** Paddy Growing States.

(iii) मृदा संरक्षण के तरीके बताइए।

Explain Soil Conservation Methods.

(iv) किन्हीं ***तीन*** स्थानों के नाम बताइए जहाँ हरियाणा में कृषि महाविद्यालय हैं।

Name any ***three*** places where Agriculture College are situated in Haryana.

(v) हरियाणा में उगाई जाने वाली किन्हीं ***चार*** गन्ने की उन्नत किस्मों के नाम लिखिए।

Write the name of any ***four*** improved varieties of Sugarcane grown in Haryana.

(vi) किसानों द्वारा बारानी खेती करते समय जो समस्याएँ झेलनी पड़ती हैं, उनका विवरण दीजिए।

Explain the problems faces by farmers during Dry Farming.

(vii) निर्वाह (सब्सिस्टेंस) खेती की परिभाषा लिखिए।

Define Subsistence Farming.

(viii) अमरूद की किन्हीं ***चार*** उन्नत किस्मों के नाम लिखिए।

Name any ***four*** improved varieties of Guava.

(ix) रबी, गेहूँ की फसल में पाये जाने वाले किन्हीं ***दो*** खरपतवारों के नाम लिखिए।

Name any ***two*** weeds found in Rabi, Wheat Crop.

(x) संक्षेप में लिखिए कि क्या टपका सिंचाई कपास फसल में फायदेमंद है ?

Write a short note whether Drip irrigation is beneficial in Cotton crop ?

**खण्ड – घ**

**SECTION – D**

**7.** इस खण्ड में ***तेरह*** प्रश्न दिये गये हैं, किन्हीं ***बारह*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, उत्तर ***सही*** या ***गलत*** में ही देना है, प्रत्येक **1** अंक का है : $12 \times 1 = 12$

In this Section ***thirteen*** questions are given, attempt any ***twelve*** questions, answer is to be given as ***right*** or ***wrong*** , each has **1** mark :

(i) हरियाणा से 'बासमती चावल' विदेशों में भेजा जाता है।

'Basmati Rice' exported from Haryana.

(ii) रोहतक की 'रेवड़ी' प्रसिद्ध है।

Rohtak is famous for 'Rewari'.

(iii) हरियाणा के तरावड़ी क्षेत्र में एक खास किस्म का धान उगाया जाता है, जो अपनी सुगंध के आधार पर पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

A special variety of Paddy grown in Taraori Region of Haryana which is famous all over the world for its fragrance.

(iv) कुछ ऐसी पत्ते वाली खरपतवार होती हैं जिन्हें मानव जाति द्वारा पत्तेदार सब्जियों के रूप में प्रयोग किया जाता है।

Some leafy weeds which are used by human being as leafy vegetables.

(v) हरियाणा प्रदेश प्रति एकड़ गेहूँ उत्पादन में अग्रणी रहा है।

Haryana State remain/stood first in Wheat per acre yield.

(vi) एकल प्रयोग प्लास्टिक का प्रयोग उचित है।

Single use Plastic is useful.

(vii) 'दाना मटर' हरियाणा में दलहनी फसल के रूप में भी उगाई जाती है।

'Dana pea' (Grain Pea) is cultivated in Haryana as Pulses Crop.

(viii) हरियाणा में भिवानी जिले के बाढ़डा व लोहारू-क्षेत्र डार्क-ज़ोन घोषित किए गए हैं।

Badhra and Loharu areas of Bhiwani district in Haryana declared Dark-zone.

(ix) गायों के बच्चे जो बड़े होने पर बैल के रूप में कृषि यन्त्रों को चलाने में कम योगदान से गायों की महत्वता घटी है।

Importance of cow became downfall due to less participation of Bullock drawn Agriculture Implements.

(x) आलू को पौधा-रोपण विधि द्वारा बीजा जाता है।

Potato is sown by Transplanting.

(xi) गेहूँ की कटाई के बाद धान की बिजाई जीरो टिलरिंग मशीन द्वारा सिधी की जानी उचित है।

After wheat harvesting, Paddy seed could be sown with Zero Tillering Machine is useful.

(xii) संतुलित आहार में फल व सब्जियों का होना जरूरी है।

Balanced diet means the presence of fruits and vegetables in the diet.

(xiii) हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार का पूरा नाम चौ० चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार है।

Full name of Haryana Agriculture University, Hisar is Ch. Charan Singh Haryana Agriculture University Hisar.